-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मरका पुलिस द्वारा गुम हुए मूक बधिर बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 12.02.2025 को थाना मरका पुलिस द्वारा गुम हुए 10 वर्षीय मूक बधिर बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 11.02.2025 की रात्रि को पीआरवी-5468 थाना मरका को सूचना प्राप्त हुई की मरका के पास एक 10 वर्षीय बालक रास्ता भटक गया है जो बोल व सुन नहीं पा रहा है। सूचना पर तत्काल थाना मरका पुलिस द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए पाया कि बच्चा के माता-पिता नरैनी के रहने वाले है बच्चे का नाम गुलाब पुत्र स्व0 बुद्धलाल उम्र करीब 10 वर्ष निवासी कस्बा व थाना नरैनी जो अपने मामा दिनेश कुमार पुत्र बसदेव वर्मा निवासी अरवारी, मरका के घर शादी में आया था। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बच्चे की माँ माया व मामा को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

टीम का विवरण-

1. थाना प्रभारी श्री सुभाष चन्द्र
2. कां0 नकुल राय
3. कां0 हृदेश सैनी